लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल– 462023
Email- ucrs.dpi@mp.gov.in

क्रमांक/UCR/C/253/2022/2285 दिनांक 21-12-2022

**उच्च माध्यमिक शिक्षक चयनसूची के संबंध में सूचना**

उच्च माध्यमिक शिक्षक पद हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 29.9.2022 के अनुक्रम में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जा रही हैं इस चयन सूची में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थी जिनके नियुक्ति आदेश पूर्व में स्कूल शिक्षा/जनजाति कार्य विभाग द्वारा जारी किये जा चुके हैं। अतः उन्हें शाला के विकल्प चयन का अवसर नहीं दिया जा रहा है।

2. चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे 23 दिसम्बर से 27 दिसंबर 2022 तक शाला के विकल्प का चयन कर लें। अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 विकल्प अथवा किसी विषय में 50 से कम रिक्तियॉ होने पर समस्त रिक्तियों का चयन करना अनिवार्य होगा। समयावधि में शाला का विकल्प चयन न करने पर उपलब्ध रिक्तियों में से विभागीय प्राथमिकता के आधार पर शाला का आवंटन किया जाएगा।

3. जिन अभ्यर्थियों के नाम के समक्ष प्रोविजनल लिखा गया है, उनके दस्तावेज प्रमाणीकरण हेतु विश्वविद्यालय अथवा सक्षम अधिकारी जिसके द्वारा दस्तावेज जारी किया गया था, को प्रमाणीकरण हेतु भेजे गये है। प्रमाणीकरण के आधार पर संबंधितों की अभ्यर्थिता मान्य/अमान्य की जाएगी।

4. जिन अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता निरस्त की गई है, उनकी कारण सहित सूची पोर्टल trc.mponline.gov.in पर प्रदर्शित की गई है।

5. ऐसे अभ्यर्थी जिनका चयन आरक्षण नियमों के तहत हुआ है वे अपने डिजिटल जाति प्रमाणपत्र बनवा लें, जिन अभ्यर्थियों द्वारा आय आधारित आरक्षण का लाभ लिया गया है उनसे अद्यतन वित्तीय वर्ष का आय प्रमाणपत्र भी अपेक्षित होगा। इसी आधार पर संबंधितों की अभ्यर्थिता मान्य/अमान्य की जाएगी।

6. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे एम.पी. ऑनलाईन का पोर्टल trc.mponline.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें।

(अभय वर्मा)
**आयुक्त**
**लोक शिक्षण, म.प्र.**